Kudos!!

नाईपर के 4 फैकल्टी सदस्यों को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

डा. संदीप चोधरी, डा. राहुल शुक्ला, डा. कीर्ति जैन, डा. राकेश सिंह

रायबरेली (एसएनबी)। दवा अनुसंधान एवं शिक्षा के क्षेत्र में देश के सर्वोच्च संस्थानों में शामिल नाईपर, रायबरेली के 4 फैकल्टी सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की है। 3 शिक्षकों ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित वैश्विक सूची में स्थान हासिल किया है।

इनमें फार्माकोलजी एवं टक्सिकोलजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. राकेश सिंह, फार्मसूटिक्स विभाग की एसिस्टेंट प्रोफेसर डा. कीर्ति जैन और फार्मसूटिक्स विभाग के एसिस्टेंट प्रोफेसर डा. राहुल शुक्ला शामिल हैं। नाईपर के डीन डा. संदीप चौधरी को रूस के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय पर्म स्टेट यूनिवर्सिटी ने मानद प्रोफेसर की उपाधि से सम्मानित किया है।

उन्होंने 10 वर्षों से अधिक समय तक डा. चौधरी ने रूसी सहयोगियों के साथ कई देशों की वैज्ञानिक टीमों के साथ कैंसर रोधी कीमोथेरेपी के क्षेत्र में नई दवाओं की खोज पर शोध किया है। नाईपर की डायरेक्टर प्रोफेसर शुभिनी ए. सराफ ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे संस्थान को उत्कृष्टता के वैश्विक पटल पर स्थापित करती है और हमें बेहद गर्व से भर देती है।

अमेरिका स्थित दुनिया की टॉप स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की सूची में भारत के लगभग 3500 शोधकर्ताओं को शामिल किया गया है, जो वैश्विक अनुसंधान परिदृश्य पर देश के विद्वतापूर्ण प्रयासों के महत्वपूर्ण प्रभाव को उजागर करता है।

नाईपर के चार शिक्षकों को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

जासं, लखनऊ: दवा अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में देश के सर्वोच्च संस्थानों में शामिल नाईपर रायबरेली के चार शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। यहां से तीन शिक्षकों ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित वैश्विक सूची में स्थान बनाया है। इनमें फार्माकोलाजी व टाक्सिकोलाजी विभाग के एसोसिएट प्रो. राकेश सिंह, फार्मा के सहायक प्रो. कीर्ति जैन और असिस्टेंट प्रो. राहुल शुक्ला शामिल हैं। नाईपर रायबरेली के डीन डा. संदीप चौधरी को पर्म स्टेट यूनिवर्सिटी रूस से मानद प्रोफेसर की उपाधि मिली है। 10 वर्षों से अधिक समय से कई रिसर्च परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। अल्जाइमर रोग के इलाज के लिए नए बायो एक्टिव माल्यूकुल के विकास

डा. राकेश सिंह

डा. कीर्ति जैन

डा. संदीप चौधरी

डा. राहुल शुक्ला

की दिशा में भारत और रूस के बीच सहयोग को और बढ़ाया है। साथ ही कई देशों की वैज्ञानिक टीम साथ कैंसर रोधी कीमोथेरेपी के क्षेत्र में नई दवाओं की खोज पर भी शोध किया है।

दैनिक जागरण, लखनऊ संस्करण

नाइपर की फैकल्टी ने बनाई अंतरराष्ट्रीय पहचान

लखनऊ। नाइपर रायबरेली की लखनऊ स्थित इकाई के चार फैकल्टी मेंबर्स ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की है। तीन शिक्षकों ने स्टैनफोर्ड विवि की शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में स्थान पाया है। इनमें फार्माकोलॉजी एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राकेश सिंह, फार्मास्युटिक्स की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कीर्ति जैन व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राहुल शुक्ला शामिल हैं। इसी तरह एक और शिक्षक ने उपलब्धि हासिल की है। नाइपर की डायरेक्टर प्रो. शुभिनी ए. सराफ ने कहा, यह उपलब्धि संस्थान में अपनाए गए शोध मानकों को दर्शाती है।

अमर उजाला, लखनऊ संस्करण